i-NEXT PAGE 2

एग्जाम के लिए ओल्ड कैंपस को बनाया गया सेंटर

एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 6 और 7 को

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को जारी किया परीक्षा का कार्यक्रम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी 2021-22 सेशन में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को होगी। इसके लिए पुराने परिसर को ही केंद्र बनाया गया है। गुरुवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा का विषयवार प्रस्तावित कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv ac.in पर जारी कर दिया. प्रवेश परीक्षा के लिए कैंडीडेट्स के एडमिट कार्ड एक सितंबर से अपनी लॉगिन आइडी के माध्यम से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे. एलयू ने बीती 12 जुलाई को पीएचडी की 1292 सीटों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी. 16 अगस्त तक आनलाइन आवेदन का मौका दिया गया. यूनिवर्सिटी के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया है. प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को होगी। यदि किसी कैंडीडेट्स ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है

और उनकी प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है तो उसे एडमिशन टीम की मेल आइडी luentrancewww@gmail. com पर दो दिन के अंदर सूचित करना होगा. उसी आधार पर बदलाव किया जाएगा.

प्रवेश परीक्षा में पूछे जाएंगे बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा. बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधरित प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी. इसमें विषय और रिसर्च मैथडोलाजी के 70 प्रश्न पूछे जाएंगे. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा. निगेटिव मार्किंग नहीं होगी.

37 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 1246 सीटें

एडमिशन के लिए 37 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 1246 सीटें हैं. वहीं, पार्ट टाइम पीएचडी के लिए 13 विषय में कुल 46 सीटें निर्धारित हैं.

ये है विषय वार पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथियां

छह सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे तक : हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, जूलाजी, स्टेटिस्टिक्स, बाटनी, जियोग्राफी, पालीटिकल साइंस.

छह सितंबर : शाम चार से 5.30 बजे : इंग्लिश, इकोनामिक्स, फिजिकल एजुकेशन, होम साइंस, एंथ्रोपोलाजी, सोशियोलाजी, बायो केमिस्ट्री, फिजिक्स, संस्कृत, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन.

सात सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे : कामर्स, फिलासफी, डिफेंस स्टडीज, केमिस्ट्री, एआइएच, एजुकेशन, जियोलाजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच.

सात सितंबर : शाम चार से 5.30 बजे : मेडिएवल एंड माडर्न हिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, साइकोलाजी, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स, एप्लाइड इकोनामिक्स, ला, ओरियंटल संस्कृत, जर्नलिज्म एंड मास कंयुनिकेशन, लिंग्विस्टिक्स.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा 6-7 को

1250 सीटों पर होंगे प्रवेश, एक सितंबर को मिलेगा एडमिट कार्ड

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा छह व सात सितंबर को होगी। 1250 सीटों पर प्रवेश के लिए होने वाली इस परीक्षा के एडमिट कार्ड एक सितंबर से डाउनलोड किए जा सकेंगे। परीक्षा ओल्ड कैंपस में दो पालियों में होगी।

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी नियमित और विवि में पार्टटाइम पीएचडी के लिए प्रवेश प्रक्रिया 12 जुलाई से शुरू हुई थी। इस बार पीएचडी में विश्वविद्यालय और कॉलेजों में 1250 और पार्टटाइम पीएचडी में 42 सीटें मिलाकर कुल 1292 सीटों पर प्रवेश होना है। पहली बार कॉलेजों के स्नातक शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया गया है।

कॉलेजों से आवेदन लेकर विवि की ओर से अपने यहां संबंधित डीआरसी से सीटों का निर्धारण किया गया है। इसके आधार पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने कहा कि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है और उसकी प्रवेश परीक्षा एक समय पर तय की गई है तो इसके बारे में दो दिन में मेल से सूचित करें। इसके बाद इसमें संशोधन संभव नहीं होगा।

यह है परीक्षा कार्यक्रम

छह सितंबर को सुबह 11.30 से दोपहर 01 बजे तक हिंदी, परसियन, उर्दू, जुलाजी, स्टेटिसटिक्स, बॉटनी, भूगोल, राजनीति विज्ञान, शाम 04 से 5.30 बजे तक अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, होम साइंस, एंथ्रोपोलॉजी, समाजशास्त्र, बायोकेमेस्ट्री, फिजिक्स, संस्कृत, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, सात सितंबर को सुबह 11.30 से दोपहर 01 बजे तक कॉमर्स, फिलॉसिफी, डिफेंस स्टडीज, केमेस्ट्री, एआइएच, एजुकेशन, जियोलॉजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच व शाम 04 से 5.30 बजे तक मेडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, साइकोलॉजी, सोशल वर्क, मैथ्स, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, लॉ, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, लिंग्विसटिक्स की प्रवेश परीक्षा होगी।

30 मिनट पहले पहुंचें परीक्षा केंद्र

प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि आवेदकों को 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। 90 मिनट की परीक्षा एमसीक्यू पर आधारित होगी। इसमें संबंधित विषय व रिसर्च मेथडोलॉजी से 70 बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

नहीं खत्म हुआ कॉलेज शिक्षकों का इंतजार

विवि से संबद्ध कॉलेजों के स्नातक शिक्षकों को पहली बार पीएचडी कराने का अवसर तो दिया गया, लेकिन उनका इंतजार नहीं खत्म हुआ। विश्वविद्यालय ने कॉलेजों से जानकारी लेकर डीआरसी से सीटें तो निर्धारित कर दीं, लेकिन न तो इसमें कॉलेज और विवि का वर्गीकरण किया गया है और न ही कॉलेजों की मांग के बाद यह बताया गया कि किस शिक्षक को पीएचडी सीट अलॉट हुई है और किसे नहीं?

एलयू और पुनर्वास विवि में टलीं परीक्षाएं

लखनऊ। लविवि ने शुक्रवार की एमएससी की परीक्षाएं टाल दीं। अब एमएससी जुलॉजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 20, एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 अगस्त और बीए-बीएससी मैथ्स छठे सेमेस्टर की 31 अगस्त की परीक्षा सात सितंबर को होगी। पुनर्वास में शुक्रवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षाएं अब एक सितंबर को होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

■ **बीएड के छठे प्रैक्टिकल 25 को**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय के बीए प्रथम व चौथे सेमेस्टर की छुट्टी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 अगस्त को खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज में सुबह 11 बजे से होंगी। इस तिथि के बाद कोई परीक्षा नहीं होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

■ **डीफार्मा-बीबीए का परिणाम जारी**

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालय के डीफार्मा फर्स्ट ईयर व बीबीए फर्स्ट सेमेस्टर का नियमित व बैकपेपर का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

37 विषयों की प्रवेश परीक्षा छह, सात को

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालों में 37 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (2021-22) छह और सात सितम्बर को दो पाली में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 11.30 से दोपहर एक एवं दूसरी पाली की परीक्षा शाम 5.30 तक होगी।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली (एमसीक्यू) पर होगी। परीक्षा केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य परिसर को बनाया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 1292 (रेगुलर 1250 एवं पार्ट टाइम की 42) सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होने जा रही है। सबसे ज्यादा एजुकेशन में 158 सीटें हैं। अभ्यर्थी एक सितम्बर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी ने दो विषयों में आवेदन किया है और दोनों की प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है तो उसे एडमिशन टीम की मेल आइडी luentrance2022@gmail.com पर दो दिन के अंदर जानकारी देनी होगी। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 जुलाई से 16 अगस्त तक ऑनलाइन हुई थी। प्रवेश समन्वयक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 70 अंकों की होगी। 70 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होगा।

बीएड के छूटे प्रैक्टिकल 25 अगस्त को होंगे

बीएड प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर 2021 एवं चतुर्थ सेमेस्टर जून 2022 की छुट्टी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 अगस्त को खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सुबह 11 बजे से होंगी। जानकारी के अनुसार छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि और समय पर परीक्षा केन्द्र पहुच कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मलित हो सकते हैं।

डिग्री कॉलेज के शिक्षक कराएंगे पीएचडी

पहली बार डिग्री कॉलेजों के अर्ह शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया जा रहा है जिसके लिए महाविद्यालयों के शिक्षकों ने लम्बी लड़ाई लड़ी थी। महाविद्यालयों के अर्ह शिक्षकों और रिक्त सीटों का विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय ने ले लिया है। रेगुलर के 37 एवं पार्ट टाइम में 13 विषयों के लिए परीक्षा होगी।

बीएससी, एमएससी परीक्षा तिथि बदलीं

लखनऊ। स्वाधंचन के सार्वजनिक अवकाश (19 अगस्त) की स्थगित हुई परीक्षा का कार्यक्रम एक बार फिर बदला गया है। 19 को स्थगित होने के बाद बीए- बीएससी गणित छठे सेमेस्टर की परीक्षा 31 अगस्त को रखी गई थी। जिसमें बदलाव करते हुए अब परीक्षा तिथि सात सितम्बर तक दी गई है। इसके साथ ही एमएससी जुलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 20 अगस्त को होगी। एमएससी एप्लाइड जियोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 20 अगस्त को होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लविवि ने जारी किया प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालियों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा (2021-22) 6 और 7 सितम्बर को दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 11.30 बजे से दोपहर एक एवं दूसरी पाली की परीक्षा शाम चार से 5.30 तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 30 मिनट पहले पहुंचना होगा।

प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली (एमसीक्यू) पर होगी। परीक्षा केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य परिसर को बनाया गया है। वहीं प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि 1292 (रेगुलर 1250 एवं पार्ट टाइम की 42) सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होने जा रही है। सबसे ज्यादा एजुकेशन में 158 सीटें हैं। अभ्यर्थी एक सितम्बर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी ने दो विषयों में आवेदन किया है और दोनों की प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है तो उसे एडमिशन टीम की मेल आइडी luentrance2022@gmail. com पर दो दिन के अंदर जानकारी देनी होगी। पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 जुलाई से 16 अगस्त तक ऑनलाइन हुई थी। प्रवेश समन्वयक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 70 अंकों की होगी। 70 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होगा।

शिक्षक भी पहली बार करायेंगे पीएचडी : पहली बार डिग्री कॉलेजों के अर्ह शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का मौका दिया जा रहा है जिसके लिए महाविद्यालयों के शिक्षकों ने लम्बी लड़ाई लड़ी थी। महाविद्यालयों के अर्ह शिक्षकों और रिक्त सीटों का विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय ने ले लिया है। रेगुलर के 37 एवं पार्ट टाइम में 13 विषयों के लिए परीक्षा होगी।

परीक्षा

- दो पालियों में होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा
- 1292 सीटों पर प्रवेश के लिए 6 और 7 सितंबर को

ये है परीक्षा का शेड्यूल

- **6 सितंबर** : सुबह 11.30 से एक बजे तक - हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, जूलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, बॉटनी, जियोग्राफी, पालीटिकल साइंस
- **6 सितंबर** : शाम चार से 5.30 बजे - अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, फिजिकल एजुकेशन, गृह विज्ञान, एंथ्रोपोलाजी, समाजशास्त्र, बायोकेमिस्ट्री, फिजिक्स, संस्कृत, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- **7 सितंबर** : सुबह 11.30 से एक बजे - कामर्स, दर्शनशास्त्र, डिफेंस स्टडीज, केमिस्ट्री, एआईएच, एजुकेशन, जियोलॉजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच
- **7 सितंबर** : शाम चार से 5.30 बजे - मेडियिवल एंड मार्डन हिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, मनोविज्ञान, समाज कार्य, गणित, एप्लाइड इकोनामिक्स, लॉ, ओरियंटल संस्कृत, जर्नलिज्म एंड मास कंयुनिकेशन, लिंग्विस्टिक्स

PIONEER PAGE 4

इंजीनियरिंग संकाय के छात्र का प्लेसमेंट

लखनऊ। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र शिवम् सिंह का 15 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर नोरिस फ्रेमवर्क प्राइवेट लिमिटेड में बीए हैकर के पद पर प्लेसमेंट हुआ। शिवम् सिंह को कम्पनी ने 15 लाख पैकेज के साथ इंस्टॉप स्पॉन के अन्तर्गत 38 लाख से 6.5 करोड़ के कम्पनी के स्टॉक ऑप्शन भी ऑफर किए। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि शिवम् सिंह शुरूआत से ही होनहार छात्र रहे। शिवम् सिंह को बीटेक तृतीय वर्ष में उनके स्टार्टअप अडेरेमेन के लिए 75000 डॉलर की टेक क्रेडिट स्पान्सरशिप भी प्राप्त हो चुकी है।

एलयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा 6 व 7 सितंबर को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को सत्र 2021.22 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। विवि प्रशासन के कुलपति प्रवेश परीक्षा 6 एवं 7 सितम्बर को दोनों पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार प्रथम पाली की प्रवेश परीक्षा सुबह 11.30 बजे से एक बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा शाम चार बजे से 5.30 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अब घंटे पूर्व पहुंचना होगा। प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। प्रवेश परीक्षा में संबंधित विषय के अलावा रिसर्च मेथडोलॉजी के 70 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा 70 अंको की होगी। प्रवेश पत्र 1 सितम्बर 2022 से अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा छह व सात सितंबर को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की प्रवेश परीक्षा की तिथियां, 1292 सीटों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पीएचडी-2021-22 सत्र में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा छह व सात सितंबर को होगी। इसके लिए पुराने परिसर को ही केंद्र बनाया गया है। गुरुवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा का विषयवार प्रस्तावित कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड एक सितंबर से अपनी लॉगिन आइडी के माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

लवि ने बीती 12 जुलाई को पीएचडी की 1292 सीटों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी। 16 अगस्त तक आनलाइन आवेदन का मौका दिया गया। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया है. प्रवेश परीक्षा छह और सात सितंबर को होगी। यदि किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है और उनकी प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है तो उसे एडमिशन टीम की मेल आइडी luentrance2022@gmail.com पर दो दिन के अंदर सूचित करना होगा। उसी आधार पर बदलाव किया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधरित प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें विषय और रिसर्च मैथडोलाजी के 70 प्रश्न पूछे जाएंगे. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

दाखिले के लिए 37 विषयों में रेगुलर पीएचडी की 1246 सीटें हैं। वहीं, पार्ट टाइम पीएचडी के लिए 13 विषय में कुल 46 सीटें निर्धारित हैं।

ये है विषय वार पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथियां

छह सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे तक : हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, जूलाजी, स्टेटिस्टिक्स, बाटनी, जियोग्राफी, पालीटिकल साइंस।

छह सितंबर : शाम चार से 5.30 बजे : इंग्लिश, इकोनामिक्स, फिजिकल एजुकेशन, होम साइंस, एंथ्रोपोलाजी, सोशियोलाजी, बायो केमिस्ट्री, फिजिक्स, संस्कृत, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन।

सात सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे : कामर्स, फिलासफी, डिफेंस स्टडीज, केमिस्ट्री, एआइएच, एजुकेशन, जियोलाजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, फ्रेंच।

सात सितंबर : शाम चार से 5.30 बजे- मेडिएवल एंड माडर्न हिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, साइकोलाजी, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स, एप्लाइड इकोनामिक्स, ला, ओरियंटल संस्कृत, जर्नलिज्म एंड मास कयुनिकेशन, लिंग्विस्टिक्स।

बीटेक व एमसीए विषम सेमेस्टर की पढ़ाई 22 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक, एमसीए और बीफार्मा विषम सेमेस्टर की पढ़ाई 22 अगस्त से शुरू होगी। पहले मिड सेमेस्टर के टेस्ट 10 से 12 अक्टूबर और दूसरा टेस्ट एक से तीन दिसंबर तक आयोजित होंगे। फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने शैक्षिक सत्र 2022-23 विषम सेमेस्टर का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है।

लवि के नवीन परिसर में फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के अंतर्गत बीटेक, एमसीए, बीसीए सहित कई पाठ्यक्रम संचालित हैं। यहां 22 से बीटेक तीसरे, पांचवें, सातवें, एमसीए तीसरे सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शिक्षकों ने अपना टाइम टेबल भी बना लिया है। 22 अगस्त से पहले सभी विद्यार्थियों

तक इसे भेज दिया जाएगा।

बीफार्मा और डीफार्मा का भी शेड्यूल तय : इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में भी बीफार्मा तीसरे सेमेस्टर और डीफार्मा द्वितीय वर्ष की पढ़ाई 22 अगस्त से शुरू होंगी। कक्षाओं का समय सुबह सवा नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों को अपना लेक्चर प्लान वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा है, ताकि विद्यार्थी निर्धारित समय के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित हो सकें।

ये है बीटेक, एमसीए का एकेडमिक कैलेंडर

- विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) कक्षाओं की शुरूआत : 22 अगस्त
- पहला मिड सेमेस्टर टेस्ट : 10 से 12 अक्टूबर
- दूसरा मिड सेमेस्टर टेस्ट : एक से तीन दिसंबर
- मेकअप टेस्ट : 19 से 21 दिसंबर
- एंड सेमेस्टर प्रैक्टिकल एग्जाम : 26 से 31 दिसंबर
- एंड सेमेस्टर परीक्षाएं : दो से 13 जनवरी 2023
- शीतकालीन अवकाश : 14 से 22 जनवरी 2023
- सम सेमेस्टर कक्षाओं की शुरूआत : 23 जनवरी 2023

एमएससी जूलाजी की परीक्षा आज

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 19 अगस्त को जन्माष्टमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की वजह से 38 विषयों की परीक्षाएं निरस्त करके नई तिथियां जारी कर दी थीं। गुरुवार को तीन और पाठ्यक्रम एमएससी जूलाजी चौथे सेमेस्टर, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी चौथे सेमेस्टर और बीए व बीएससी मैथमेटिक्स की परीक्षाएं भी स्थगित करते हुए नया परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार एमएससी जूलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा अब 20 अगस्त और एमएससी एप्लाइड जियोलाजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 अगस्त को होगी। वहीं 31 अगस्त को प्रस्तावित बीए-बीएससी मैथमेटिक्स छठे सेमेस्टर की परीक्षा अब सात सितंबर को आयोजित की जाएगी। छात्र-छात्राएं संशोधित परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

22 से होगी एमए, एमएससी साख्यिकी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा : एमए व एमएससी साख्यिकी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 22 से 31 अगस्त तक होगी। वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 से 30 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

बीएड की छूटी हुई प्रायोगात्मक परीक्षाएं 25 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 व चौथे सेमेस्टर-जून 2022 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 अगस्त को होंगी। इसके लिए खुन-खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना होगा। इसके बाद कोई भी परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

एमएससी फिजिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 24 से

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को एमएससी फिजिक्स द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम संशोधित कर दिया गया है। अब यह परीक्षाएं 24, 25 और 26 अगस्त को सुबह आठ से पांच बजे तक होंगी। अंशी तक इसकी तिथि 19, 20 व 21 अगस्त निर्धारित थी। प्रयोगात्मक परीक्षा के समन्वयक डा. आरबी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

डीफार्मा प्रथम वर्ष का परिणाम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने डीफार्मा (फार्मेसी) प्रथम वर्ष और बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से उसे देख सकते हैं।

इंजीनियरिंग के छात्र को 15 लाख का पैकेज

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र शिवम सिंह का 15 लाख रुपये सालाना पैकेज (सीटीसी) पर चयन हुआ है। संकाय में यह अब तक का सर्वाधिक पैकेज है। शिवम को नारिश फ्रेमवर्क प्राइवेट लिमिटेड में ब्रोथ हैकर के पद के लिए चुना गया है। इस पैकेज के साथ-साथ उन्हें 38 लाख से 6.6 करोड़ इसाप आप्शन का भी पैकेज का आफर दिया गया।

आलमबाग के सिंगार नगर में रहने वाले शिवम सिंह ने इसी साल लखनऊ विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई पूरी की है। वह बताते हैं कि पापा उदय प्रताप सिंह व्यवसायी हैं। मम्मी मीना सिंह गृहिणी हैं। बड़ी बहन प्रियंका सिंह इंजीनियर हैं।

शिवम सिंह • ली. से तथि

पहले भी मिल चुकी है स्पांसरशिप

इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि शिवम को बीटेक तृतीय वर्ष में उनके स्टार्टअप 'ओरेजेन' के लिए 75000 डालर की (टेक क्रेडिट) स्पांसरशिप भी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि इस बार 15 लाख रुपये के पैकेज के साथ इसाप आप्शन मिलना बड़ी उपलब्धि है। संकाय के प्लेसमेंट में अभी तक सर्वाधिक 14 लाख रुपये का पैकेज मिला था।

क्या होता है इसाप

डा. हिमांशु के मुताबिक कंपनियां अपने कर्मचारियों को कई तरह की सुविधाएं देती हैं। इनमें से इसाप (इंप्लाई स्टाक ओनरशिप प्लान) भी शामिल है। इसके तहत कंपनी कुछ चुनिंदा कर्मचारियों को अपने शेयर जारी करती है। इसाप इच्छु होने के बाद कर्मचारी की उस कंपनी में हिस्सेदारी हो जाती है। जितने फीसद इसाप कंपनियों को दिए किए जाते हैं, उतनी कर्मचारी की हिस्सेदारी उस कंपनी में हो जाती है।

शिवम आगे एमबीए करना चाहते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने शिवम सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

कला-शिल्प महाविद्यालय में लगी फोटो प्रदर्शनी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को फोटोवाक व फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। फोटोग्राफी विभाग के छात्रों ने शिक्षक अतुल हुंडू के सहयोग से किए इस कार्यक्रम का उद्घाटन डीन एवं प्राचार्य रतन कुमार ने किया।

फोटोवाक में शहर के 82 फोटोग्राफरों ने कालेज के छात्रों व शिक्षकों के साथ शिरकत की। कुल 105 तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया। इसमें भूपेश, रवि कांत, तूलिका, स्मिता, सचिन, वजीउल हसन, तनुश्री, रंजना उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन समिति में रवि, शोभा, सुजीत, अंबिका, श्रेयांश शामिल रहे।

TOI PAGE 2

LU BTech student gets ₹15L job offer with ownership plan

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Shivam Singh, a BTech computer science final year student of Lucknow University, has grabbed a placement offer worth Rs 15 lakh per annum, plus Employee Stock Ownership Plan (ESOP), in a Gurugram-based software company. This is the highest package received by any LU engineering faculty that started in 2017.

"This is our second batch only and our students have got placements in leading companies. Shivam is the first student of the faculty to get such a high package and ESOP in Knorish Framework Private Limited Company. The earlier record was of Rs 14 lakh," said engineering faculty director RS Gupta.

Gupta said that this year our placement records have been excellent with students getting an average package of around Rs 7-8 lakh. Of 290 final year BTech students, around 250 have been successfully placed so far. Shivam has been placed on the post of 'growth hacker', someone who uses creative, low-cost strategies to help businesses acquire customers. "I give credit for my success to my parents and teachers," said Shivam, 21, who did his schooling from BSM Inter College, Alambagh.

He started his career as a freelance website designer when he was in high school.

Based on his startup capabilities in his third year of engineering, he received 75,000 dollars (tech credit) funding from a private company.

"My father UP Singh is a farmer, I want to make him proud one day by taking my startup to new heights," said Shivam.

LU PhD entrance on Sept 6-7

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Running a year behind the schedule, the PhD entrance test for the academic session 2021-22 will be organised by the Lucknow University on September 6 and 7.

The examination scheme for 1,246 seats in 36 subjects was declared by the university on Friday. The PhD academic session was derailed in 2018-19 due to some amendments in the admission rules. It got delayed further due to lockdown in 2020 after the outbreak of Covid-19 pandemic.

Authorities said that the efforts are being made to gradually put the session back on track and the admission for the current 2022-23 session will be held by December end, thereby reducing the delay from a year to months.

"The entrance test will be multiple-choice question-based in which a candidate will have to answer 70 objective type questions in 90 minutes. While 35 questions will be from the related subject, the remaining will be from research methodology," said LU spokesperson Durgesh Srivastava. He said that each question will be of one mark and there will be no negative marking. He said that the candidates are advised to go through the PhD entrance schedule uploaded on the LU website: www.lkouniv.ac.in.

HT PAGE 3

LU TO CONDUCT PHD ENTRANCE EXAM IN TWO SHIFTS ON SEPTEMBER 6, 7

HT Correspondent

letters@htlive.com

**LUCKN